राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही तैयार होते हैं अच्छे नागरिक–राज्यपाल

पटना, 27 नवम्बर 2019

''शिक्षा आदर्श समाज की एक मजबूत आधारशिला रखने का काम करती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही अच्छे नागरिक तैयार होते हैं और अच्छे नागरिकों से ही एक सशक्त, सुसंस्कृत और सुविकसित प्रदेश और राष्ट्र का निर्माण होता है।''–उक्त बातें, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने नोट्रेडेम एकेडमी, पटना के 'स्वर्ण जयंती समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में दीप–प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि हर शिक्षण संस्थान को प्रारंभिक दौर में अपने सीमित संसाधनों के बल पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का गुरूतर दायित्व वहन करना पड़ता है। जो इस गुरूतर दायित्व का बखूबी निर्वाह करते हैं वे तेजी से प्रगति करते हैं तथा शिक्षा जगत में विशिष्ट पहचान बनाते हैं।

महामहिम राज्यपाल ने विद्यार्थियों को इंगित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार के लिए, युवकों को तैयार करना ही नही है। इसका व्यापक उद्देश्य एक दृढ़निश्चयी और राष्ट्र के लिए समर्पित नागरिक भी तैयार करना है। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन तो है ही, लेकिन इससे भी आगे बढ़कर देश और समाज के लिए कई ऐसी महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ हैं, जिन्हें भविष्य में आपको पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने लिए ही एक बेहतर और सुन्दर जीवन की जरूरतें हासिल नहीं करनी हैं, बल्कि पूरे समाज और देशवासियों के लिए एक सुरक्षित–सुन्दर दुनिया का निर्माण करना है। इस क्रम में अपनी गौरवमयी परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों को सँजोए रखते हुए पूरी उदारता और सहिष्णुतापूर्वक व्यापक मानवीय हितों के अनुरूप अपना आचरण प्रस्तुत करना होगा।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द के वक्तव्य को उद्धृत करते हुए कहा कि– ''जो शिक्षा साधारण व्यक्ति को जीवन–संग्राम में समर्थ नही बना सकती, जो मनुष्य में चरित्र–बल, परहित भावना तथा सिंह के समान साहस नहीं ला सकती, उसे शिक्षा नहीं कहा जा सकता है।'' यानी नैतिकता, आत्मबल, परोपकारिता तथा देशभक्ति एक आदर्श विद्यार्थी के लिए अत्यन्त आवश्यक है। महामहिम ने विद्यालय–प्रबंधन समिति के सभी अधिकारियों, शिक्षकगण, पूर्ववर्ती छात्रों तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या द्वारा महामहिम को सादर स्मृति–चिह्न भेंट किया गया।

समारोह में विशप विलियम डिसूजा, पटना के जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री संजय अग्रवाल, विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी, सिस्टर टेसी, सिस्टर स्रिजा, विशप एस॰ कल्लूपुराकल एवं सी॰बी॰एस॰सी॰ के सचिव सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। अवसर विशेष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

....